# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), वन भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/एफ–5/1133/2022/10–11/4298 भोपाल, दिनांक 25/09/2023

प्रेषक :–

एच.एस. मोहन्ता, (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय),
भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र केन्द्रीय पर्यावरण भवन,
लिंक रोड़ नं. 3, ई–5, रविशंकर नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।

**विषयः– रीवा जिले में क्योंटी–जनकहाई (पनियारी घाट) मार्ग निर्माण हेतु 6.132 हेक्टेयर वनभूमि लोक निर्माण विभाग, रीवा को उपयोग पर देने बाबत्। (ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक FP/MP/ Road/ 34206/2018)**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक/6-MPR 019/2022-BHO दिनांक 31.03.2023

––0––

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण की प्रथम चरण सैद्धांतिक सशर्त स्वीकृति प्रदान की गई थी। स्वीकृति पत्र में उल्लेखित शर्तों का पालन प्रतिवेदन निम्नानुसार है :–

**शर्तें–A**

1– शर्त क्रमांक A(1) के पालन में आवेदक संस्थान ने वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की लागत राशि रू0 70,05,000/– यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में दिनांक 16.09.2023 को जमा की जा चुकी है।

2– शर्त क्रमांक (2) के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा दी गई 6.132 हेक्टेयर गैर वनभूमि वन विभाग को हस्तांतरित/नामान्तरित कर दी गई है। कलेक्टर का आदेश, फार्म पी–2 आदि की छायाप्रति संलग्न है।

3– शर्त क्रमांक (3) के पालन में प्रकरण में प्राप्त गैर वनभूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत् वन अधिसूचित करने की कार्यवाही प्रचलित है।

4– शर्त क्रमांक (4) के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि रुपये 58,73,106/– यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में दिनांक 16.09.2023 को जमा की जा चुकी है।

5– शर्त क्रमांक (5) के पालन में प्रकरण में प्राप्त वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की राशि एवं नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि दिनांक 16.09.2023 को एड–हॉक कैम्पा के अन्तर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में ऑनलाईन जमा की जा चुकी है।

6– शर्त क्रमांक (6) के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा वनाधिकार अधिनियम के तहत कलेक्टर रीवा का प्रमाण पत्र दिनांक 20.04.2021 प्रस्तुत किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

–2–

7– शर्त क्रमांक (7 एवं 8) के पालन में आवेदक संस्थान सहमत है।

8– शर्त क्रमांक (9) के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों का शर्तवार पालन प्रतिवेदन पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

9– शर्त क्रमांक (10) के पालन में आवेदक संस्थान को कार्य करने की अनुमति जारी करने के उपरांत पृथक से प्रेषित की जावेगी।

**शर्तें–B**

1– शर्त क्रमांक (1) के पालन में आवेदक संस्थान सहमत है।

2– शर्त क्रमांक (2) के पालन में प्रकरण में आपके द्वारा दिए गए निर्देशानुसार वृक्षारोपण का कार्य किया जावेगा।

3– शर्त क्रमांक (3) के पालन में आवेदक संस्था द्वारा अतिरिक्त एन.पी.वी. जमा करने का वचन पत्र दिया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

4– शर्त क्रमांक (4) से (15) तक के पालन में आवेदक संस्थान सहमत है।

अतः उपरोक्तानुसार प्रथम चरण सैद्धांतिक स्वीकृति में उल्लेखित समस्त शर्तों का पालन पूर्ण हो गया है। कृपया प्रकरण की अंतिम औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

25.09.23

(एच.एस. मोहन्ता)

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 1133 / 2022 / 10–11 / 4299 भोपाल, दिनांक 25/09/2023

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) रीवा वृत्त, रीवा, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, रीवा, मध्यप्रदेश।
3. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ.स) संभाग क्रमांक 1, रीवा, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

25.09.23

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल